**समाचार**

# निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया आयुक्त ने

## (मार्च से जुलाई 2025 तक की अवधि में निगम में विभिन्न पदों पर कार्यरत 17 कर्मचारी सेवा से हुए निवृत्त )




कोरबा 01 अगस्त 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उन्हें सेवानिवृत्त प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कार्य के प्रति निष्ठा व समर्पण भावना की सराहना करते हुए शहर की विकास यात्रा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा में अपनी दीर्घ अवधि की सेवा के पश्चात मार्च 2025 से जुलाई 2025 तक की अवधि में निगम में विभिन्न पदों पर कार्यरत 17 कर्मचारी सेवा से निवृत्त हुए हैं। निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में गुरूवार को इन सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल व श्रीफल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया, उन्हें सेवानिवृत्त प्रमाण पत्र प्रदान किया, स्मृतिचिन्ह भेंट किए तथा उनके स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि शासकीय सेवा में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धारित आयु सीमा के पश्चात सेवा से निवृत्त होते ही हैं, आप लोग भी अपनी दीर्घकालीन सेवा देने के पश्चात आज दायित्वों से मुक्त हो रहे हैं, आपके जीवन की दूसरी पारी अब प्रारंभ

हो रही है, इस पारी में आप अपने परिवार व समाज के लिए समय देंगे, अपनी हॉबी को पूरा करेंगे, मैं ऐसी कामना करता हूॅं। उन्होने कहा कि आप देश के आठवें स्वच्छ शहर के निकाय से रिटायर हो रहे हैं, कोरबा शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में इस स्तर तक पहुंचाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, कोरबा के विकास में आपकी महत्वपूर्ण सहभागिता को भी भुलाया नहीं जा सकता, अब आप अपने परिवार व समाज के लिए कार्य करें, निगम परिवार आपके सुख–दुख में सदैव आपके साथ रहेगा, मैं आपके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करता हूॅं, अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूॅं। इस मौके पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हुए अपने साथियों व सहकर्मियों को शुभकामनाएं दी, उनके स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की, सम्मान समारोह का कुशल संचालन कार्यपालन अभियंता श्री अखिलेश शुक्ला ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन जनसंपर्क अधिकारी श्री रावेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया। सम्मानसमारोह के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा के साथ ही कार्यपालन अभियंता विनोद कुमार शांडिल्य, राकेश मसीह, अखिलेश शुक्ला, सुनील टांडे, लेखाधिकारी भवकांत नायक, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी, विनोद नेताम, एम.एल.बरेठ, लीलाधर पटेल, अंजुलता तिग्गा, अजुला अनंत, अरविंद वानखेड़े, उत्तम साहू, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, हेमंत गभेल, अरविंद पाण्डेय, शांतिलाल सोनी, अरविंद सिंह, कपिल श्रीवास्तव, दीनदयाल साहू, बनवारीलाल शर्मा, मनोज श्रीवास आदि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**<u>इन कर्मचारियों को मिली सेवानिवृत्ति</u>** – मार्च 2025 से जुलाई 2025 तक जिन कर्मचारियों को सेवा से निवृत्ति प्राप्त हुई हैं, उनमें सफाई कामगार गणेशी बाई, मालकोण्डैया, इलुकोण्डैया–2, सहायक ग्रेड–।।। जयकिशन पटेल, सहा.ग्रेड–2, गोविंद पालीवाल व श्रीमती श्यामकली डहरिया, समयपाल भूपेन्द्र कुमार सिंह, रविशंकर देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रेमचंद राठौर, भृत्य जीवन राजवाड़े, जनसंपर्क सहायक जगदीश कंवर, तकनीकी हेल्पर मजदूर महेश्वर सिंह गभेल, राजस्व उप निरीक्षक शिवबहादुर पटेल, विशाल सिंह कंवर, जवाहर लाल गोंड़, हैंण्डपम्प मैकेनिक राधेश्याम राठौर, फीटर उमेदराम पटेल आदि कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों को आज सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित करते हुए उन्हें विदाई दी गई।